संक्षिप्त

पुलिस के बेड़े में बदलाव

कोटपूतली । जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। मंगलवार को जारी आदेश में 21 निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदल दिये गये। जिनमें 10 अधिकारियों को पुलिस लाईन से फील्ड डयूटी में भेजा गया हैं जबकि 11 अधिकारियों के थाना क्षेत्रों में परिवर्तन किया गया हैं। सूची में कोटपूतली एसएचओ राजेष कुमार षर्मा को यथावत् रखा गया हैं। मलिक एन्टी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सम्भालेगें कमान :- वहीं जिले में हाल ही के कुछ माह में बढ़ रही गैंगस्टर्स की मुवमेंट को देखते हुये एसपी बिष्नोई ने एन्टी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन भी किया हैं।

अवैध शराब सहित एक पकड़ा

बौंली -बामनवास । सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत बौंली थाना पुलिस ने बौंली नगर से अवैध देशी व अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गौरव शर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी विजयपुर जिला शिवपुरी (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार किया है।बौंली सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल जयदेव सिंह ने मय टीम के दौराने गस्त वन विभाग चौकी के सामने निवाई रोड बौंली नगर से आरोपी गौरव शर्मा को 36 बोतल बियर 119 रॉयल स्टैग अंठोजी शराब के पवै व96 देशी शराब के पवों के साथ शराब बेचने की 7हजार की राशि जप्त कर गिरफ्तार किया है।आरोपी के खिलाफ धारा 19/54 एक्साइज एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

ट्रैक्टर ट्राली जब्त

बौंली -बामनवास । सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध बजरी खनन व परिवहन पर कार्यवाही करते हुए बौंली थाना पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्राली को अवैध बजरी परिवहन करते पकड़ा है, पुलिस टीम को देखकर चालक मौके से फरार हो गया। बौंली सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में खिरनी पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र गिरी ने दोराने गस्त महेशरा नदी से अवैध बजरी परिवहन करते एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा, चालक मौके से फरार हो गया।

नोखा में एनएसएस शिविर शुरू

नोखा । हीरादेवी गट्टाणी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तीसरे एकदिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। उप प्राचार्य प्रह्लाद दान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर दो सत्रों में आयोजित किया गया। पहले सत्र में स्वयंसेवी छात्राओं ने गोद लिए गए नेहरू पार्क और विद्यालय परिसर में श्रमदान किया। अल्पाहार के बाद, एकल गायन हुआ।

खैरथल में सरदार150 यूनिटी मार्च निकाल राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया

बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग, हाथों में तिरंगा 'भारत माता की जयघोष' और 'सरदार पटेल अमर रहे' के लगाए नारे

खैरथल। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार माय भारत इनिशिएटिव के तहत मंगलवार को खैरथल के भगत सिंह चौक से जिला सचिवालय तक सरदार 150 यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का शुभारंभ राष्ट्रीय परिषद भाजपा सदस्य एवं पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। सरदार 150 पदयात्रा भगत सिंह चौक, हेमू कॉलोनी चौक से होते हुए जिला सचिवालय पहुँचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लिए 'भारत माता की जयघोष' और 'सरदार पटेल अमर रहे' के नारों के साथ भाग लिया। प्रतिभागी युवाओं को 'मेरा युवा भारत' की टी-शर्ट वितरित की गई। वंदे मातरम के साथ आरंभ हुए मार्च में युवाओं ने तिरंगा लहराते हुए भारत माता, सरदार पटेल और आजादी के नारे लगाकर देशभक्ति का माहौल सृजित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद भाजपा सदस्य व पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने कहा कि सरदार पटेल का भारत के एकीकरण में योगदान

खैरथल सरदार 150 यूनिटी मार्च पदयात्रा में शामिल पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित जनप्रतिनिधि ।

अतुलनीय है, और उनका संदेश गांव-गांव व ढाणी-ढाणी तक पहुँचाना आज की आवश्यकता है।

उन्होंने युवाओं से स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आ ान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी ने अपने संबोधन में भारत सरकार द्वारा 6 अक्टूबर से 6 दिसंबर तक आयोजित सरदार 150 कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि सरदार पटेल की दृढ़ इच्छा शक्ति और संघर्ष के कारण ही भारत एक सशक्त, संगठित राष्ट्र बन सका। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने, महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना और बालिकाओं द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर किया। कार्यक्रम के सफल

- **राष्ट्रीय परिषद भाजपा सदस्य पूर्व विधायक रामहेत यादव और जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर यूनिटी मार्च पदयात्रा को रवाना किया ।**

आयोजन में सहयोग देने वाले सभी विभागों, संस्थाओं व नागरिकों का जिला युवा अधिकारी ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, उपसभापति वरुण डाटा, पूर्व सभापति अशोक डाटा, उम्मेद भाया, अनूप सिंह यादव, पवन यादव, पंकज यादव, तरुण दुलानी, ध्रुव कुमार उपाध्याय सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, अधिकारी सहित युनिटी मार्च में स्कूल-कॉलेज विद्यार्थी, माय भारत, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड, स्वयंसेवी संस्थाएँ और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

26 जैन साधुओं का गाजे बाजे के साथ मंगल प्रवेश

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में राष्ट्रीय संत आचार्य वर्धमान सागर महाराज संघ के 26 जैन साधुओं का निवाई शहर में गाजे बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जिसको लेकर पाश्र्वनाथ उद्यान को भव्य सजाया गया। मंगल प्रवेश के जुलूस का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर अगुवानी की। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज संघ के 26 पिच्छीधारी त्यागी तपस्वी दिगम्बर जैन सन्तों का निवाई में शीतकालीन प्रवास के लिए मंगल पदार्पण हुआ। प्रवक्ता सुनील भाणजा ने बताया कि आचार्य संघ का चातुर्मास के पश्चात टोंक से मंगल विहार करते हुए मंगलवार को निवाई पहुंचें। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह कल्याण कालेज में जैन समाज द्वारा श्रीफल भेंट कर निवाई नगर के लिए आमंत्रित किया। जहां सभी श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे से नाचते गाते हुए पद विहार के साथ शहर में मंगल प्रवेश करवाया। उन्होंने बताया कि आचार्य संघ शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए संत निवास नसियां जैन मंदिर पहुंचे जहां भगवान शांतिनाथ के दर्शन करते हुए जैन मुनि प्रभव सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। राजेश पंचोलिया ने बताया कि धर्म सभा से पूर्व महिला मण्डल की विनिता बगड़ी के नेतृत्व में प्रियंका पराणा, नीलम चंवरिया, नेहा बगड़ी एवं पूजा चैनपुरा ने मंगलाचरण किया। पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री ने जिनवाणी की स्तुति की। इस अवसर पर जितेन्द्र चंवरिया, मनोज पाटनी, राजेश चौधरी, अमित कटारिया, प्रदीप पारीक, पवन बोहरा, नितिन छाबड़ा, मोहित चंवरिया, गोपाल कठमाणा, विष्णु बोहरा, पवन सांवलिया, सुशील गिन्दौड़ी, पवन बड़ागांव, महेन्द्र चंवरिया, हुकमचंद जैन, अशोक बिलाला, दिलीप बगड़ी, विमल गिन्दौड़ी, आशीष जैन, रोनक बोहरा, दिलीप भाणजा, हेमन्त चंवरिया व पिंकू सोगानी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

शाहपुरा में उपजिला व ट्रोमा अस्पताल का निर्माण फिर अधर में

शाहपुरा। शाहपुरा में उपजिला एवं ट्रोमा अस्पताल का निर्माण फिर अधर में है और आवंटित भूमि असुरक्षित है। यह पीडीकोर की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है। शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है कि सरकार व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य से बार-बार अस्पताल का स्थान बदल रही है। विधायक यादव ने पत्र लिखकर मुख्य मंत्री से उपयुक्त भूमि चयन करवाकर अस्पताल का निर्मण शीघ्र करवाए जाने की मांग की है। शाहपुरा में प्रस्तावित उपजिला एवं ट्रोमा अस्पताल का निर्माण एक बार फिर देरी की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। वर्ष 2023-24 के बजट में घोषणा होने के बावजूद दो वर्ष बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसी बीच पीडीकोर लिमिटेड की रिपोर्ट ने मामले को और गंभीर बना दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर 2025 को तमिया स्टेडियम के पास राजस्व ठाम शाहपुरा के खसरा नंबर 3351/5708, 3351/5778 और 3352 से कुल 69300 वर्गमीटर भूमि में से 20027 वर्गमीटर क्षेत्र अस्पताल निर्माण के लिए आवंटित किया गया था। लेकिन 17 नवंबर 2025 को पीडीकोर के क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधन प्रमुख सुनील कुमार अठावाल द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिशासी अभियंता को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि यह भूमि बहाव क्षेत्र में स्थित है तथा अस्पताल निर्माण के लिए पूर्णत: असुरक्षित एवं अनुपयुक्त है। गौरतलब है कि इस मुद्दे को शाहपुरा विधायक द्वारा 4 जुलाई 2025 को विधानसभा के मानसून सत्र में भी उठाया गया था। उस समय चिकित्सा मंत्री ने जवाब दिया था कि 28 मई 2025 को ई-निविदा जारी की गई थी, परंतु भूमि का क्षेत्रफल कम एवं अनुपयुक्त पाए जाने के कारण निविदा निरस्त कर दी गई। मंत्री ने यह भी कहा था कि उपयुक्त भूमि आवंटन के बाद पुन: निविदा जारी की जाएगी। विधायक ने तब भी दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने और 307 लाख रुपये की स्वीकृति मिलने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ न होने को सरकार की गंभीर लापरवाही बताया था। विधायक का आरोप है कि सरकार बार-बार स्थान बदल रही है और पहले उपयुक्त बताई गई भूमि को बाद में अनुपयुक्त घोषित किया जा रहा है। विधायक ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा तमिया स्टेडियम के पास बहाव क्षेत्र में भूमि आवंटन नियमों को दरकिनार कर व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य से किया गया था और इस प्रक्रिया में न तो स्थानीय जनता से राय ली गई और न ही स्थानीय विधायक से कोई परामर्श लिया गया। विधायक यादव ने कहा की शाहपुरा क्षेत्र की जनता लंबे समय से एक सुसज्जित ट्रोमा एवं उपजिला अस्पताल की प्रतीक्षा कर रही है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए विधायक ने सरकार से मांग की है कि घनी आबादी के पास नगर परिषद् व आस पास के क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित एवं उपयुक्त भूमि का पुन: चयन किया।

संघर्ष चेतना यात्रा की तैयारियां जोरों पर

कोटपूतली । अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के तत्वाधान में प्रदेश भर के विभिन्न विभागीय कर्मचारी समूहों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विगत 05 नवम्बर से महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा के नेतृत्व में शुरू हुई संघर्ष चेतना रथ यात्रा आगामी 21 नवम्बर को नवगठित जिला कोटपूतली- बहरोड़ में प्रवेश करेगी। जहां कर्मचारियों की बड़ी सभा का आयोजन होगा। इसको लेकर कर्मचारी संगठनों की तैयारियां जोरों पर हैं।

महासंघ के जिला संयोजक बाबूलाल गुर्जर ने जानकारी देते हुये बताया कि यात्रा की तैयारियों को लेकर कर्मचारियों की महिला विंग का गठन करते हुये अंजू यादव को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया हैं। जबकि निर्मला गुर्जर को जिला सलाहकार सदस्य, मंजू यादव को महिला प्रकोष्ठ की जिला संयोजक की जिम्मेदारी दी गई हैं। इसी प्रकार लक्ष्मी यादव, सुमन कासलवाल, ममता यादव, मीनाक्षी यादव, कृष्णा यादव, अनिता सोनी, अनिता यादव, पुष्पा, मंजू, रेखा जोषी, भगवती चौधरी, दिव्या सैन, पूजा यादव, मंजू सैनी, प्रेम यादव, मुनेष यादव, पूजा गुर्जर, मीना कुमारी, पिंकी मीणा, पूनम गुर्जर, शांति गुसाईवाल, पूनम, ममता यादव, राजू यादव, सरोज यादव, संगीता चौधरी, कविता चौधरी, कविता यादव, सुमन यादव, कविता गुर्जर व भूमिका सैनी आदि महिला प्रकोष्ठ की और से यात्रा की जिला सह प्रभारी का दायित्व निभायेंगी। जिला संयोजक बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि सभी कर्मचारी संघ एकजुट होकर संघर्ष चेतना यात्रा को सफल बनाने की तैयारी में जुटे हुये हैं। उक्त यात्रा प्रदेश भर के सभी 41 जिलों व 300 से अधिक ब्लॉकों में जाकर कर्मचारियों को उनके हितों के लिये जागृत करने का कार्य कर रही है।

बैठक बुधवार को

अजमेर । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 27 अक्टूबर को राजस्थान राज्य के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्यक्रम घोषित किया है। इस संबंध में जन प्रतिनिधियों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं बीएलए प्रथम के साथ जिला निर्वाचन अधिकारा लोक बन्धु की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति ककवानी ने दी।

सार-समाचार

ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित

कोटपूतली । कस्बे के डाबला रोड स्थित राजपूताना पी.जी. कॉलेज में मंगलवार को निर्वाचन विभाग के निर्देषानुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिये छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ईएलसी प्रभारी ताराचन्द सैनी ने ईएफ को ऑनलाइन भरने की विस्तार पूर्वक प्रोजेक्टर के माध्यम से एसआईआर 2026 प्रक्रिया समझाई। प्राचार्य डॉ. एच.एन. धोलीवाल ने बताया कि निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक राजस्थान में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत छात्र-छात्रायें स्वयं, परिवारजन एवं अन्य नागरिकों का ऑनलाइन पुनरीक्षण फॉर्म भर सकते हैं।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण से छात्राओं में उत्साह

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा व प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर द्वारा मां शारदे के चित्र के समक्ष दी प्रज्जवलित करके किया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं को आत्मरक्षा में निपुण बनाकर उन्हें भयमुक्त जीवन देना है। जिससे बालिकाएं साहसी और आत्मनिर्भर होकर समाज के विकास में भागेदारी निभाएगी। शिविर प्रभारी पूजा गोस्वामी व रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण की स्टेट एमटी व शारीरिक शिक्षिका मूंडिया प्रेम चौधरी ने बालिकाओं को पंच, किक, बचाव के तरीके, मार्शल आर्ट व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। समापन सत्र पर बालिकाओं द्वारा जीवंत प्रदर्शन कर अतिथियों एवं विद्यार्थियों को हतप्रभ कर दिया। प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं चाहता हूँ कि हमारी हर बालिका की आँखों में साहस हो, कदमों में विश्वास हो और मन में यह दृढ़ भावना होनी चाहिए कि वह स्वयं का बचाव कर सकती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद यह बालिकाएँ केवल तकनीकी रूप से प्रशिक्षित नहीं होंगी बल्कि यह कालिका यूनिट बनकर समाज के विकास में अठासर होंगी एवं संकल्प, शक्ति व निडरता की प्रतीक बनेगी। उन्होंने बतायाकि बालिकाओं में वह साहस होगा कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में मां कालिका की तरह दृढ़ होकर विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सकेंगी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सरिता भट्ट, व्याख्याता गायत्री शर्मा व सुमन विजय सहित कई शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

कार्यशाला में 350 बालिकाओं भाग लिया

निवाई। महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में मैरिंग्टन सोनी के निर्देशानुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में महिला अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं का आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 12 वीं तक की 350 बालिकाओं को विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र से अरुणा शर्मा ने नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया। मंजू चौधरी ने मुख्यमंत्री लाडो प्रोत्साहन योजना, आशा शास्त्री ने शिक्षा सेतु योजना एवं सामूहिक विवाह अनुदान योजना की जानकारी दी। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र से विधिक काउंसलर नीतू सिंह विजय ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के बारे में बताते हुए लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 की विस्तार से जानकारी दी। सुपरवाइजर मीरा चौधरी ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के बारे में बताया। डीएचईडब्लू से जेंडर स्पेशलिस्ट भावना सक्सेना ने सखी वन स्टॉप सेंटर की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में अध्यापक दिलखुश मीणा, आनंद शुक्ला, अध्यापिका सोनू वर्मा, पूजा सैनी व ललिता यादव सहित कई शिक्षिकाएं मौजूद थी।

बच्चों को जागरूक किया

निवाई। शहीद रतनलाल जाट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी में चाइल्ड हेल्पलाइन के तत्वावधान में परियोजना अधिकारी कमलेश सैनी व जिला बाल संरक्षण इकाई बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नवल खान के सानिध्य में बाल संरक्षण के मुद्दों पर जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्प लाइन टीम के सुपरवाइजर राहुल गजरा ने चाइल्ड हेल्प लाइन की जानकारी देते हुए आपातकालीन फोन सेवा 1098 के बारे में बताते हुए बाल विवाह, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल श्रम, भीख मांगने वाले बच्चे व बालकों के अधिकारों के बारे में बच्चों जागरूक किया। कैश वर्कर महेंद्र बैरवा ने बच्चों को बाल यौन शोषण के बारे में जानकारी दी और पॉक्सो कानून के बारे मे बताया। इसी दौरान देवेन्द्र जांगिड़ ने बताया कि सिकोईडिक्रोन संस्था के सहयोग से पहाड़ी ठाम पंचायत में विशेष ई मित्र सामाजिक कल्याण योजना शिविर का आयोजन किया गया। ताकि सभी लोग सरकारी योजना से जुड़ सकें। मानव तस्करी विरोधी यूनिट से कन्हैया लाल, हेड कॉन्स्टेबल रिंकु शर्मा व कानि धर्म देव ने बाल संरक्षण के मुद्दों पर जानकारी देते हुए बंधुआ मजदूरी करने वाले बच्चों के बारे में विस्तार से बताया और चाइल्ड हेल्प लाइन पर फोन करने लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर टीम के विमल कुमार, राजेंद्र, किरण, ममता, बुधराम, प्रधानाचार्य कांताप्रसाद बारेठ, प्रहलाद गुर्जर व अध्यापिका ओम कंवर सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

भरतपुर संभाग में आईस्टार्ट आइडियाथॉन 2025 का सफल आयोजन

भरतपुर (निस)। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग तथा आईस्टार्ट राजस्थान द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय आईस्टार्ट आइडियाथॉन 2025 प्रतियोगिता का भरतपुर संभागीय फिनाले मंगलवार को इंजीनियरिंग कॉलेज भरतपुर में आईस्टार्ट इन्क्यूबेशन सेंटर, भरतपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन एवं संचालन राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग विवेक कुमार, विशिष्ट अतिथियों में जिला उद्योग केंद्र के जॉइंट कमिश्नर चंद्रमोहन गुप्ता, प्रिंसिपल इंजीनियरिंग कॉलेज धवल व्यास, एसीपी सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग पुष्पेन्द्र सिंह, डिविजन इन्क्यूबेशन सेंटर, आईस्टार्ट परियोजना हरि मोहन शर्मा एवं फाउंडर स्किलोनशन एडटेक प्राइवेट लिमिटेड राघव शर्मा ने शिरकत की। फाइनल राउंड का मूल्यांकन विशेषज्ञों के जूरी पैनल द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. करुणा गौर, डॉ. मुकेश कुमार, अरविंद सिंह चौधरी, मनु विजय और गौरव गुप्ता सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में स्किलोनशन एडटेक प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर एवं सीईओ राघव शर्मा ने कहा कि विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में युवाओं के नवाचार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आइडियाथॉन विद्यार्थियों को स्टार्टअप इकोसिस्टम से जोड़कर उनके विचारों को वास्तविक समाधान में परिवर्तित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। मुख्य अतिथि विवेक कुमार ने कहा कि आईस्टार्ट आइडियाथॉन युवाओं को समाज की चुनौतियों को अवसर में बदलने का प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। तकनीक, नवाचार और जिज्ञासा के सम्मिलित प्रयास से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है।

- **आइडियाथॉन विद्यार्थियों को स्टार्टअप इकोसिस्टम से जोड़कर उनके विचारों को वास्तविक समाधान में परिवर्तित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। मुख्य अतिथि विवेक कुमार ने कहा कि आईस्टार्ट आइडियाथॉन युवाओं को समाज की चुनौतियों को अवसर में बदलने का प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। तकनीक, नवाचार और जिज्ञासा के सम्मिलित प्रयास से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है।**

विशिष्ट अतिथि चंद्रमोहन गुप्ता ने कहा कि आज के युवा केवल समाधान ही नहीं खोज रहे, बल्कि नए उद्योग और रोजगार के अवसर भी सृजित कर रहे हैं। प्रतियोगिता में भरतपुर, डीग, धौलपुर और करौली जिलों से सैकड़ों नवाचारी विचार प्राप्त हुए। फाइनल राउंड में चयनित टीमों ने तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा, एल्डर केयर, पर्यावरण, फिनटेक और सोशल इनोवेशन जैसे क्षेत्रों से जुड़े प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में होली मदर पब्लिक स्कूल को महिलाओं के मासिक धर्म स्वास्थ्य में नवाचार टीम को प्रथम पुरस्कार 25 हजार रुपये, उन्नत क्रिटिकल केयर टेक डिवाइस टीम को द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपये एवं यात्रियों के लिए अभिनव हीट बैग टीम को तृतीय पुरस्कार 10 हजार प्रदान किये। अतिथियों का स्वागत आरकेसीएल टीम, आईस्टार्ट भरतपुर टीम, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग एवं स्किलोनशन किड्स प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रमोद ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन आईस्टार्ट इनक्यूबेशन सेंटर के आआईसी हरि मोहन शर्मा ने दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संदीप, यशपाल, सौरभ, आरकेसीएल टीम, आईस्टार्ट टीम, स्किलोनशन किड्स टीम तथा इंजीनियरिंग कॉलेज भरतपुर के वॉलंटियर्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बच्चों को सुनने की मशीन दी

पावटा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में मंगलवार को विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए ब्लॉक स्तरीय अभिभावक परामर्शदाता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को आवश्यक सहयोग, जागरूकता, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम संयोजक विद्यालय कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुरेंद्र राठौड ने बताया कि कार्यक्रम में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. रुडमल चौधरी एवं क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. एकता कंवर ने स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए संभागीयों को पहला सुख- निरोगी काया का मंत्र देते हुए विशेष विद्यार्थियों को थैरेपी प्रशिक्षण एवं परामर्श से लाभान्वित किया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र राठौड ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के साथ "सहानुभूति" नहीं बल्कि "सहयोग" की भावना दिल में रखकर कार्य करना चाहिए, ताकि उन्हें आगे बढ़ने में हर संभव मदद मिल सके। संदर्भ कक्ष प्रभारी धनसिंह मीणा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025- 26 के तहत तहत 4 बच्चों को सुनने की मशीने व 9 बच्चों को टीएलएम किट वितरित की गई। इस दौरान कार्यक्रम में 36 विद्यार्थी व 50 अभिभावको ने शामिल होकर लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर रमेश वशिष्ठ, वीरेंद्र अठावाल, चिरंजी लाल गुर्जर, मोहन शर्मा, राहुल शर्मा सहित शिक्षकों ने अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

अधिकारियों से यातायात व्यवस्था को लेकर बातचीत की

पावटा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में यातायात सेवाओं और सुविधाओं के विस्तार के साथ ही यातायात प्रबंधन को बेहतर स्वरूप दिए जाने की दिशा में मंगलवार को पावटा एसडीएम साधना शर्मा की अध्यक्षता में उपखंड कार्यालय में यातायात सतर्कता समिति के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी संबंधित विभागों द्वारा मिलकर सार्थक प्रयास करने एवं इसके लिए हर स्तर पर भरसक कोशिशों को मूर्त रूप दिया जाएगा। एसडीएम साधना शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को उपखंड कार्यालय में आयोजित यातायात सतर्कता समिति की बैठक में यातायात संबंधी समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ फतेह सिंह मीणा को पावटा कस्बे के मुख्य बाजारों में अवैध अतिक्रमण हटाने, पालिका द्वारा जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कस्बे में बड़े व लोडेड वाहनों ट्रक, डंफर, ट्रेलर, स्कूल बस का प्रवेश रोकने के लिए टसकोला रोड पावटा बड़ी पुलिया के पास लगाए गए लोहे के एंगल की देखरेख करने, सर्विस लाइन पर दुकानों के सामने खड़े लोडेड वाहनो की पार्किंग को यातायात व पुलिस स्टाफ के साथ समन्वय स्थापित कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। मुख्य बाजार पावटा में पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर अतिक्रमण हटाने के लिए संसाधन मुहैया करवाने के निर्देश दिए। पावटा नगरपालिका क्षेत्र व मुख्य

पावटा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में यातायात सेवाओं के सम्बंध में अधिकारियों की बैठक हुई।

बाजार के पास पार्किंग स्थल चिन्हित कर वाहनों को पार्किंग स्थल में खड़ा करवाए जाने के निर्देश दिए। वही भारी व ओवरलोडेड बड़े वाहनों ट्रक, ट्रेलर, डंफर का कस्बे में प्रवेश रोकने के लिए नया रूट रामपुरा होते हुए भूरी भड़ाज एमडीएच से प्रागपुरा एनएच 48 तक रूट डायवर्जन के विषय में लोकल ट्रांसपोर्टर्स से चर्चा की गई। इस संबंध में सहमति के बाद सुबह 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों का टसकोला टोरडा रोड पर प्रवेश प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव रखा गया। टोरडा प्वाइंट पर टसकोला पुलिस चौकी स्थापित होने पर आरटीओ स्टाफ की गश्त दो शिफ्टों प्रात 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक व दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक लगातार किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। जिला पुलिस अधीक्षक से टोरडा प्वाइंट पर टसकोला पुलिस चौकी स्थापित करने व एक हेड कांस्टेबल व चार कांस्टेबल की मांग हेतु प्रस्ताव लिया गया। पावटा में यातायात पुलिस निरीक्षक से समन्वय स्थापित कर सुबह 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक भारी ओवरलोडेड वाहनों का कस्बे में प्रवेश एवं पावटा पुलिया के दोनों तरफ सर्विस लाइनों पर लगे जाम को हटवाने हेतु ट्रैफिक पुलिस तैनात करने का निर्देश दिया गया। पाव टा बड़ी पुलिया के नीचे चल रहे 20 फीट सीसी रोड के निर्माण को 15 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी कार्यों का प्रस्ताव लेते हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पावटा तहसीलदार लोकेंद्र मीणा, ईओ फतेह सिंह मीणा, एनएएचआई सहायक अभियंता सतीश कुमार, सहायक खनिज अभियंता अमीचंद दुहारिया, आरटीओ इंस्पेक्टर नरेश कुमार, प्रागपुरा थानाधिकारी कश्मीर सिंह,एनएएचआई सर्वेयर आनंद शर्मा सहित संबंधित विभाग अधिकारी मौजूद रहे।